Charter No. : 15140 Charter Day : 13-10-1958 R.I. District : 3056

Rotary UNITE FOR GOOD

# ROTARY CLUB OF UDAIPUR

Edition : **December 2025** Issue No. : **6**

# ROTARY PULSE

*Rotary Club of Udaipur's Bi-Monthly Newsletter*



**Rtn. Francesco Arezzo**
RI President



**Rtn. Pragya Mehta**
District Governor



**Rtn. Deepak Mehta**
Club President



**Rtn. Vineet Damani**
Club Secretary




## रोटरी मोक्ष रथ का लोकार्पण

### डॉ. मोहन सेठ एवं रो. सज्जन सेठ के सहयोग से रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर ने शहर को दिया चौथा मोक्षरथ

रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर ने श्री गेहरीलाल एवं श्रीमती मनोहर देवी सेठ चेरीटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. मोहन सेठ एवं रो. सज्जन सेठ के सहयोग से दिनांक 20 नवम्बर 2025 को रोटरी बजाज भवन में रोटरी मोक्ष रथ का डॉ. मोहन सेठ, रो. सज्जन सेठ, क्लब अध्यक्ष रो. दीपक मेहता, सचिव रो. विनीत दमानी, पूर्व प्रान्तपाल निर्मल सिंघवी, रोटरी मोक्षरथ समिति चेयरमैन रो. डॉ. अनिल कोठारी द्वारा लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही शहर को क्लब की ओर से दी जाने वाली सेवा के तहत यह चौथा मोक्षरथ शामिल हो गया। इसके अलावा क्लब की ओर से मोर्चरी बॉक्स भी निःशुल्क उपलब्ध करवाया जा रहा है।

क्लब अध्यक्ष रो. दीपक मेहता ने बताया कि यह क्लब के लिये गर्व का क्षण था जब क्लब के ही सदस्य रो. सज्जन सेठ एवं सेठ परिवार जैसे दानदाता के सहयोग से जीवन के अंतिम पड़ाव में इंसान को सम्मानपूर्वक विदाई हेतु यह मोक्षरथ क्लब को उपलब्ध करवाया गया। शहर की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए पिछले काफी समय से क्लब को एक और मोक्षरथ की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। क्लब के पूर्व प्रान्तपाल निर्मल सिंघवी ने रो. सज्जन सेठ के समक्ष प्रस्ताव रखा और सेठ परिवार ने मात्र 12 घंटे के भीतर इस प्रस्ताव को अपनी सहमति प्रदान कर दी।

पूर्व प्रान्तपाल निर्मल सिंघवी ने कहा कि क्लब पिछले 19 वर्षो से



रोटरी मोक्ष रथ के लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित रोटरी परिवार

## आगामी कार्यक्रम

बैठक संख्या :
**4035**

**PDG Nirmal Singhvi**
Chairman
Programme Committee

### विजन फाउण्डेशन ट्रस्ट, डॉ कोठारी आई हॉस्पीटल एवं रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति 'अंधता' के सहयोग से आयोजित

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

शनिवार, 13 दिसम्बर 2025, प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

स्थान : तेरापंथ सभा भवन, बिजोलिया हाऊस, नाईयों की तलाई, उदयपुर

शहर में मोक्षरथ की सेवायें देता आ रहा है। जब जब भी शहर को इस प्रकार की सेवाओं की आवश्यकता होती है तो क्लब जनसेवा के लिये हर समय निःशुल्क सेवायें देने हेतु तत्पर रहता है। एक समय हम सेवा कार्यों के लिये रोटरी से दान लेते थे, आज हम देने वाले बन गये हैं।

रोटरी मोक्षरथ समिति चेयरमैन रो. डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि वर्ष 2006–07 में रोटरी ने शहर को पहला मोक्षरथ दिया था। उसके 3 वर्ष बाद मोर्चरी बॉक्स, 2013–14 में दूसरा मोक्षरथ, 2021–22 में तीसरा मोक्षरथ शहर को दिया गया। अविध पार होने पर पहला मोक्षरथ स्क्रेप कर दिया गया।

रो. सज्जन सेठ ने कहा कि रोटरी सदस्यों की प्रेरणा से आज यह कार्य संभव हो पाया है। रो. उम्मेदसिंह चौहान ने डॉ. मोहन सेठ का परिचय दिया। डॉ. मोहन सेठ ने कहा कि इस प्रोजेक्ट से शहर की बेहतर सेवा हो पायेगी। रो. पदम दुगड़ ने क्लब की ओर से डॉ. मोहन सेठ व सज्जन सेठ को दिये गये अभिनन्दन पत्र का वाचन दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार सचिव रो. विनीत दमानी ने ज्ञापित किया।


रो. दीपक मेहता


पीडीजी निर्मल सिंघवी


रो. डॉ. अनिल कोठारी


रो. सज्जन सेठ


रो. उम्मेद सिंह चौहान


रो. पदम दूगड़


डॉ. मोहन सेठ








## NOMINATION COMMITTEE MEETING

Regular meeting of the club was held on 29.11.2025 to finalize and approve the members for the Nomination Committee for this year to finalize the Board for year 2026 - 27 and approve the President of the club for the service year 2028 - 29. The following members were nominated for the nomination committee : 1. Rtn. Satish Jain, 2. Rtn. Ajay Agarwal, 3. Rtn. Rakesh Maheshwari, 4. Rtn. Anil Chhajerh, 5. Rtn. Surandra Jain, 6. Rtn. Padam Dugar, 7. Rtn. Vivek Vyas, 8. Rtn. Suresh Sisodia, **Ex Officio Officer Members :** 9. Rtn. Deepak Mehta - President, 10. Rtn. Vineet Damani, 11. Rtn. Shrichand Khaturia.




रोटरी क्लब उदयपुर के वरिष्ठ सदस्य रो. लक्ष्मण सिंह जी कर्णावट द्वारा लिखित आत्मकथा '' अनुभूति'' एवं श्रीमती पुष्पा जी कर्णावट द्वारा संकलित पुस्तक ''बटोरी हुई विरासत'' का लोकार्पण समारोह महाप्रज्ञ विहार में आयोजित हुआ। हार्दिक बधाई।





PDG Nirmal Singhvi with Rotary International President Fransisco in Rotary Institute 2025 at New Delhi

### Visitor's Diary - 5.11.2025

### Rotary Taya Physiotherappy Centre

**Proejct under Rotary Service Trust Udaipur**

मुझे सर्वाइकल स्पोंडोलाइसिस लगभग 1 माह से काफी दर्द था। सांस लेने में भी दर्द हो रहा था। पूना में चेक करवाया, एक्स–रे करवाया, थैरेपी भी ली। 15 दिन के थैरेपी कोर्स में डॉ. ज्योति जी राव और प्रमिला जी ने काफी मेहनत कर मुझे 90% दर्द में रिलीफ है। थैरेपी सेन्टर प्रबन्धक सा. एवं दोनों डॉक्टर सा. का हृदय से आभार।

**सुमित्रा भण्डारी**, 47/5, अशोक नगर, उदयपुर

**Just Dial Review**

"Lalita Gothwal ko yahan par 10 days me physiotherapist Dr. Rao & Dr. Pramila ji ke treatment se 80 percent benefit hua hai."

**- Dinesh**

""My experience at Rotary Taya Physiotherapy Centre was exceptional! Booking an appointment was a breeze, thanks to their user-friendly online system. The staff provided outstanding customer service, making me feel welcomed and valued. The physiotherapists were knowledgeable and attentive, ensuring I received the best care possible. Highly recommend!"

**- Narendra Kumar Ranka**



## Birthday

03 December

Rtn. Dr. Pradeep Kumawat

04 December

Rtn. Ashok Karwa

05 December

Rtn. U.S. Chauhan

05 December

Rtn. Dr. Anil Kothari

13 December

Rtn. R.C. Garg

14 December

Rtn. M.S. Mehta

15 December

Rtn. Dr. Devendra Sareen

15 December

Rtn. Jatin Nagori

19 December

Rtn. Surendra Jain

20 December

Rtn. Manik Nahar

24 December

Rtn. Laxmikant Vaishnav

24 December

Rtn. Sanjay Gupta

26 December

Rtn. Suresh Sisodia

26 December

Rtn. Manoj Gandhi

27 December

Rtn. Ajay Agrawal

28 December

Rtn. Dhruv Chhajerh

30 December


Rtn. Mukesh Modi

30 December

Rtn. Rajendra Mantri

31 December

Rtn. Nikhil Nahar




## शोक अभिव्यक्ति



रोटरी क्लब उदयपुर के पूर्वाध्यक्ष रो. सतीश जी जैन की बहन **श्रीमती संगीता फान्दोत** का आकस्मिक निधन दिनांक 19 नवम्बर, 2025 को हो गया है।

समस्त रोटेरियन साथियों की ओर से श्रद्धासुमन अर्पण किए गये। परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को चिर शांति प्रदान करे एवं दुःख की इस घड़ी में परिवार को सम्बल प्रदान करे।

## From the Desk of Secretary

1. Thanks to the Rotarians for Birthday Contributions : Rtn. Vaibhav Dhing - Rs. 1100/-, Rtn. Hemant Mehta - Rs. 1100/-.
2. ऑस्ट्रेलिया में BNI के ग्लोबल समिट में BNI Udaipur को विश्वभर में सर्वाधिक रिटेंशन के लिए सर्वश्रेष्ठ रीजन घोषित किया गया। BNI Udaipur के फाउण्डर एवं कार्यकारी अध्यक्ष रो. अनिल जी छाजेड़ को बधाई।

- **Rtn. Vineet Damani,** Secretary

**Editorial Board : Chairman :** Rtn. Anshul Mogra, **Co-Chairman :** Rtn. O.P. Sahlot
**Members :** PDG Nirmal K Singhvi, Rtn. Hemant Jain, Rtn. L.S. Karnawat